# कलेक्टर ने आवेदक को दी पचास हजार की आर्थिक सहायता

**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आवेदक देवीलाल को रेडक्रॉस से पचास हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदाय की गई। आवेदक देवीलाल ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, जिससे वहां स्वयं का इलाज करवाने में असमर्थ है। साथ ही परिवार का भरण पोषण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

# दिव्यांगता की त्वरित पहचात हेतु स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन 6 अक्टूबर से 20 नवम्बर तक

**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में समस्त दिव्यांग बच्चों (आयु 18 वर्ष तक) में दिव्यांगता की त्वरित पहचात हेतु स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जाना है। स्क्रीनिंग शिविरों में उनके चिकित्सकीय परीक्षण उपरांत दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाएगे। उक्त शिविरों का आयोजन विभिन्न विकासखण्डों में 06 अक्टूबर से 20 नवम्बर तक किया जाएगा। जिसमें जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में 06 अक्टूबर, 2025 को स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार नगर परिषद कुरावर में 08 अक्टूबर को, नगर परिषद बोडा में 09 अक्टूबर को, नगर परिषद तलेन में 10 अक्टूबर को, जनपद पंचायत सारंगपुर में 13 अक्टूबर को, नगर परिषद पचोर में 14 अक्टूबर को, जनपद पंचायत ब्यावरा में 15 अक्टूबर को, नगर परिषद सुठालिया में 16 अक्टूबर को, जनपद पंचायत राजगढ़ में 23 अक्टूबर को, नगर परिषद खुजनेर में 24 अक्टूबर को, जनपद पंचायत खिलचीपुर में 27 अक्टूबर को, नगर परिषद छापीहेडा में 28 अक्टूबर को, जनपद पंचायत जीरापुर में 29 अक्टूबर को, नगर परिषद माचलपुर में 30 अक्टूबर को, जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में 31 अक्टूबर को, नगर परिषद कुरावर में 03 नवम्बर को, नगर परिषद बोड़ा में 04 नवम्बर को, नगर परिषद तलेन में 06 नवम्बर को, जनपद पंचायत सारंगपुर में 07 नवम्बर को, नगर परिषद पचोर में 10 नवम्बर को, जनपद पंचायत ब्यावरा में 11 नवम्बर को, नगर परिषद सुठालिया में 12 नवम्बर को, जनपद पंचायत राजगढ़ में 13 नवम्बर को, नगर परिषद खुजनेर में 14 नवम्बर को, जनपद पंचायत खिलचीपुर में 17 नवम्बर को, नगर परिषद छापीहेडा में 18 नवम्बर को, जनपद पंचायत जीरापुर में 19 नवम्बर को एवं नगर परिषद माचलपुर में 20 नवम्बर को शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# जनसुनवाई में सुनी गई आमजन की समस्याएं

**राजगढ़।** जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है। आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर श्री प्रताप सिंह चौहान, अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी सुश्री निधि भारद्वाज सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। आयोजित जनसुनवाई में ग्राम देवीखेडी छोटी पोस्ट भाटखेडी तहसील खिलचीपुर निवासी बलदेव सिंह चौहान ने बताया कि आवेदक इंदौर से भाटखेडा के लिए बैठा था जिसका किराया 200 रूपये था। आवेदक दिव्यांग है जिससे म.प्र. शासन परिवहन विभाग के आदेशानुसार दिव्यांगजनों को बस का किराया पुरा नहीं लगता। फिर भी आवेदक से बस का किराया पुरा लिया गया, जिससे आवेदक को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कलेक्टर द्वारा परिवहन अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। कार्यवाही करते हुए आवेदक बलदेव सिंह चौहान को पुनः बस किराया दिलाया गया।

# ग्राम पंचायत भाटखेडा के तत्कालिन पंचायत सचिव निलंबित, व सामाजिक सुरक्षा अधिकारी की वेतन वृद्धि रोकी

**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा संवाद से समाधान कार्यक्रम के तहत प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाले संवाद कार्यक्रम में लंबे समय से लंबित सीएम हेल्पलाईन की रेण्डमली 5 से 6 शिकायतों का लोकसेवा गारंटी के तहत चयन किया जाता है। इसी तारतम्य में मंगलवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की 6 शिकायतों का चयन किया गया था। कलेक्टोरेट सभागार में शिकायतकर्ता और संबंधित अधिकारी की उपस्थिति में शिकायतकर्ता और संबंधित अधिकारियों को अपने सम्मुख सुना और शिकायतों का निराकरण करवाया। साथ ही गैर जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता श्री सीताराम लोधी द्वारा बताया कि उनकी पत्नी का नाम समग्र आईडी से हटा दिया गया हैं। आवेदक से आधार कार्ड बनवाए जाने का कहा जा रहा है और आधार कार्ड नहीं बनाया जा रहा हैं। आवेदक का फिंगर नहीं आने से आधार कार्ड नहीं बन पाया कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ई-गर्वेनेंस प्रबंधक को निर्देशित किया कि तीन दिवस में शिकायतकर्ता का उचित निराकरण करें। शिकायतकर्ता श्री रामचंद्र दांगी द्वारा बताया गया कि मेरी पत्नी का नाम सीलाबाई है हम पूर्व से ही विवाहित हैं। समग्र आईडी में हमें अविवाहित किया गया हैं। जिससे मेरी पत्नी का नाम समग्र आईडी में व अन्य शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह रहे हैं।



# कॉलेज मार्ग पर त्रिवेणी परिवार ने किया कन्या भोज का आयोजन

**झाबुआ।** शहर के कॉलेज मार्ग स्थित प्राचीन श्री अंबे माता मंदिर परिसर में शारदेय दिन नवरात्रि के 7वें दिन 29 सितंबर, सोमवार को त्रिवेणी परिवार द्वारा कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक-01 की बालिकाओं के साथ विभिन्न स्कूलों की करीब 300 छात्राओं ने भोजन प्रसादी का लाभ लिया। जानकारी देते हुए त्रिवेणी परिवार के वरिष्ठ अश्विन शर्मा एवं महेंद्रसिंह पंवार ने बताया कि सर्वप्रथम सभी कन्याओं का तिलक कर पाद पूजन की गई। बाद सभी को पंगत में बिठाकर भोजन प्रसादी के रूप में खीर, पूरी, सब्जी, पुलाव आदि का वितरण हुआ। कन्या भोज में 2 साल की बच्ची से लेकर 15 वर्ष तक की बालिकाओं ने सम्मिलित होकर भोजन प्रसादी ग्रहण की। भोजन बाद बालिकाओं को फल एवं दक्षिणा दी गई। संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में त्रिवेणी परिवार के सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

# 8वें दिन महागौरी के रूप में महाकालिका का श्रृंगार





**झाबुआ।** शारदेय नवरात्रि पर्व के अंतिम दिनों में शहर के माताजी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ लग रहीं है। श्रद्धालुजन शक्ति की भक्ति में पूर्णतः लीन है। अंतिम दिनों में श्रद्धालुओं द्वारा व्रत-उपवास रखकर माता की भक्ति-आराधना की जा रहीं है। अंतिम दिनों में शहर के गरबा पांडालों पर भी अलसुबह तक गरबो का शानदार रंग जम रहा है। शहर के नेहरू मार्ग स्थित प्राचीन श्री दक्षिणमुखी महाकालिका माता मंदिर में नवरात्रि की अष्टमी पर 30 सितंबर, मंगलवार अलसुबह 4 बजे मंदिर के पूजारी कांतिलाल नानावटी द्वारा महाकाली का महागौरी के रूप में सुंदर श्रृंगार किया गया। बाद महाकालिका, मां अन्नपूर्णा एवं मां चामुंडा को चोला अर्पण कर अलसुबह 5 बजे काकड़ आरती में भक्तों की अत्यधिक भीड़ देखने को मिली। काकड़ आरती का लाभ प्रतिदिन शहर के अलग-अलग लाभार्थी परिवारों द्वारा लिया जा रहा है। अंतिम दिनों में मां कालिका माता मंदिर में भक्तों की दर्शन-पूजन के लिए अत्यधिक भीड़ लग रहीं है। रात्रि में मंदिर परिसर में गरबा आयोजन में भी बड़ी संख्या में बच्चें भाग लेकर गरबे खेलने के साथ उन्हें मंदिर समिति की ओर से प्रतिदिन अलग-अलग पुरस्कार भी प्रदान किया जा रहे है। महाकालिका माता मंदिर में माता के 9 स्वरूपों की प्रतिमाएं विराजमान होने से भक्तजनों द्वारा माता के 9 स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर दर्शन लाभ लिया जा रहे है। अष्टमी को माताजी मंदिर में शाम 6 बजे से हवन का आयोजन हुआ। जिसमें यजमान के रूप में पलक अक्षय जैन परिवार ने लाभ लिया। वहीं विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ हवन पं. विश्वनाथ शुक्ल एवं हिमांशु शुक्ल ने संपन्न करवाया। हवन करीब डेढ़ घंटे चलने के बाद रात्रि करीब 7.30 बजे माताजी की विशेष आरती बाद भक्तों को विशेष प्रसादी का भी वितरण हुआ। *हवन एवं महाआरती का आयोजन हुआ* - इसी प्रकार शहर के कॉलेज मार्ग स्थित प्राचीन श्री अंबे माता मंदिर पर नवरात्रि के अष्टमी पर महादुर्गा एवं महा चामुंडा का महागौरी के रूप में श्रृंगार हुआ, जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। अष्टमी पर मंदिर परिसर में शाम 5.30 बजे से हवन का आयोजन हुआ। हवन में यजमान के रूप में दीपक नीमा, अशोक सिन्हा परिवार आदि ने लाभ लिया। हवन विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ युवा ज्योतिषाचार्य पं. जैमिनी शुक्ला ने संपन्न करवाया। रात 8 बजे मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। बाद भक्तजनों को फरियाली खिचड़ी, फल, मिष्ठान आदि का प्रसाद वितरण हुआ। इसी प्रकार शहर के कॉलेज मार्ग स्थित प्राचीन श्री खोडियार माता मंदिर एवं गायत्री शक्तिपीठ, बसंत कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ, नेहरू मार्ग स्थित प्राचीन श्री संतोषी माता मंदिर, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित श्री नवदुर्गा धाम पर भी नवरात्रि के अंतिम दिनों में भक्तों की भीड़ बढ़ने के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न हो रहे है। अष्टमी पर श्रद्धालुओं द्वारा अपने घरों पर भी हवन एवं कन्या भोज आदि का आयोजन किया गया।



# मुख्यमंत्री वर्चुअल रूप से जुड़कर सभी कन्याओं का करेंगे पूजन

### विश्व युवा मंडल एवं कोमल धाकड़ स्मृति मंच द्वारा आयोजित भव्य सार्वजनिक नवदूर्गा महोत्सव

**नागदा जं. निप्र।** विश्व युवा मंडल एवं कोमल धाकड़ स्मृति मंच द्वारा आयोजित भव्य सार्वजनिक नवदूर्गा महोत्सव 1 अक्टूबर को रात्रि में सामूहिक कन्या चरण पूजन किया जाएगा जिसमें प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी वर्चुअल रूप से जुड़कर सभी कन्याओं का पूजन करेंगे।

सोमवार रात्रि को गरबा आयोजन में अतिथि के रूप में नागदा नगर के समस्त प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के समस्त पत्रकार गण एवं महिला मंडल में राष्ट्रीय सेविका समिति, एकता नारी संगठन, सामाजिक समरसता, सकल जैन समाज, इनर वन ग्रुप सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उपस्थित हुए। अतिथियो द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली बालिकाओं को पुरूस्कृत किया गया। मंडल के मार्गदर्शक राजेश धाकड़ ने समस्त नगर वासियों से आग्रह किया कि आज रात्रि में किरण टॉकिज चौराहे पर होने वाले कन्याओं के चरण पूजन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनावे एवं सामूहिक कन्या पूजन में सहभागी बन कन्या पूजन का धर्म लाभ लेवे।

# डीआरएम ने किया नागदा स्टेशन का निरीक्षण

**नागदा जं. निप्र।** रतलाम मण्डल के डीआरएम मंगलवार को नागदा रेलवे स्टेशन पहुँचे। डीआरएम अश्विनी कुमार ने लगभग डेढ घंटे तक नागदा स्टेशन का निरीक्षण किया और अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी भी जताई। यह दौरा सिंहस्थ महापर्व को लेकर स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य के अवलोकन को लेकर किया गया।

# स्वदेश क्षत्रिय ने बनबना तालाब में प्रदुषण रोकने व समस्याओं के निराकरण को लेकर जनसुनवाई में दिया आवेदन

**नागदा जं. निप्र।** समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता स्वदेश क्षत्रिय ने मंगलवार को जनसुनवाई में एसडीएम को बनबना तालाब में बढ़ रही गंदगी व प्रदूषण से तालाब का पानी अनउपयोगी होने एवं वार्ड नं. 24 में विभिन्न मुलभूत समस्याओं को दुर किये जाने हेतू आवेदन सौपा है।

क्षत्रिय द्वारा पत्र में बताया कि बनबना तालाब में विगत 10 से 12 वर्ष से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के ड्रेनेज एवं सीवेज की गंदगी मिल रही है जिससे तालाब में प्रदूषण बढ़ रहा है। सम्पूर्ण तालाब का पानी किसी उपयोग में लाने योग्य नहीं है। पूर्व में इस तालाब के पानी का उपयोग सिंचाई, मत्स्य पालन सहित विभिन्न कार्यो में होता था, बड़ी संख्या में मवेशी पानी पीने आते थे तथा क्षेत्र के लोग स्नान हेतु प्रतिदिन आते थे परन्तु पानी में प्रदूषण की वजह से तालाब का पानी किसी काम का नहीं है। इसके साथ ही तालाब के आसपास लोगो के द्वारा गंदगी फैलाई जा रही है नशे का सेवन करने वाले सामग्री वहीं फेक कर चले जाते है। तालाब के आसपास अंधेरा होने की वजह से नशेडी व असामाजिक तत्वो का जमावाडा रात्रि में लगा रहता है। कभी भी कोई घटना के घटित होने से इंकार नहीं किया जा सकता। क्षत्रिय ने आगे कहा कि वर्तमान में नवदुर्गा महोत्सव के आयोजन के तहत विभिन्न गरबा पांडाल क्षेत्र में लगे है जहाँ से तालाब में माताजी के विसर्जन हेतु लाया जाता है। तालाब के प्रदूषित व गंदे पानी में माताजी के विसर्जन किया जाना लोगो की धार्मिक भावना आहत होगी। साथ ही बनबना तालाब को प्रदूषण मुक्त व स्वच्छ रखने के लिये हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के ड्रेनेज व सीवेज के पानी के निस्तारण हेतु उचित व्यवस्था करवाई जाए ताकि तालाब को प्रदूषण से बचा सके।

# 15 दिन बीते, जनसुनवाई में दिए आवेदनों पर गंभीरता नहीं दिखाते मुनपा अधिकारी



**नागदा जं. निप्र।** मंगलवार को अनुविभागीय कार्यालय पर एसडीएम श्रीमती रंजना पाटीदार द्वारा जनसुनवाई की गई। इस अवसर पर तहसीलदार मधु नायक एवं अन्य अधिकारी भी मौजुद रहे। जनसुनवाई में 13 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से एसडीएम को अवगत कराया जिसमें प्रमुख रूप से जीवाजी नगर निवासी सतीश बजाज ने आवेदन प्रस्तुत कर एसडीएम को अवगत कराया कि जनसुनवाई के आवेदनों पर मुनपा अधिकारी गंभीर नहीं है, एसडीएम के निर्देशों का पालन नहीं करते हैं। इसी प्रकार नागरिक अधिकार मंच के जिला अध्यक्ष अभय चौपडा ने के वाहनों के काफीले से जनता को होने वाली असुविधा से अधिकारियों को अवगत कराया, प्रोटोकॉल के तहत आने वालों के दौरे की पूर्व सूचना नागरिकों को देने की बात भी कही। ज्नसुनवाई में आवेदन देने वाले जीवाजी नगर वार्ड क्र. 25 के निवासी सतीश बजाज ने बताया कि 16 सितम्बर को उनके द्वारा एक आवेदन जनसुनवाई में दिया गया था जिसमें जीवाजी नगर की रहवासी कॉलोनी की सडकें बनाने का अनुरोध किया गया था। आवेदन पर एसडीएम द्वारा मुनपा अधिकारी पीके सुमन को कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे तथा स्थल निरीक्षण की बात भी कही थी। लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी न तो मुनपा अधिकारी ने मौका मुआयना किया और ना ही नपा के किसी अधिकारी ने जनता की समस्याओं को जाना।

# 11000 रूद्राक्ष का सर्वब्राम्हण समाज द्वारा वितरण किया जाएगा

**नागदा जं. निप्र।** सर्वब्राम्हण समाज नागदा द्वारा वैदिक जागृति, ज्ञान-विज्ञान पीठ द्वारा अभिमंत्रित 11 हजार रूद्राक्ष का वितरण नगर में किया जायेगा। संगठन के पुरूषोत्तम सारस्वत ने बताया कि 12 अक्टुबर रविवार को दोपहर 2 बजे से खड़े हनुमान मंदिर इंगोरिया रोड पर निःशुल्क रूद्राक्ष का वितरण समाज द्वारा किया जायेगा। रूद्राक्ष पहनने से तनाव व चिन्ता से छुटकारा मिलता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। इसे पहनने से धारणकर्ता की इच्छाएं पूर्ण होती है। माईग्रेन में आराम मिलता है। मानसिक शान्ति एवं एकाग्रता में वृद्धि होती है। व्यक्ति के आय में वृद्धि होती हैं। शनि की साढ़ेसाती में लाभ मिलता है। नौकरी व व्यापार में उन्नति होती है। आत्मविश्वास बढ़ता है। हृदय रोग व आंखो से संबंधित बिमारियों में लाभ मिलता हैं। रूद्राक्ष नकारात्मक उर्जा से धारक को बचाता है जिससे रूके हुए काम पूर्ण होते है। नींद की समस्या से मुक्ति मिलती है। संसार के भौतिक दुःखो को दुर करने के लिये भगवान शंकर ने हमें रूद्राक्ष दिया है। जिससे सभी प्रकार की कामना, सुख शांति प्रदान करता है। यह ऐश्वर्य प्रदान करने वाला हैं जिससे अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति होती है। रूद्राक्ष पहनने से सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। सारस्वत ने बताया कि रूद्राक्ष वितरण के समय आधार कार्ड लाना आवश्यक है। एक व्यक्ति को एक ही रूद्राक्ष प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील कार्यक्रम संयोजक सुनील त्रिवेदी, संरक्षक गुलजारीलाल त्रिवेदी, समाज अध्यक्ष आनंद दीक्षित, हनुमान प्रसाद शर्मा, निर्मला रावल, पुरूषोत्तम पुरोहित, राकेश शर्मा, डॉ. हिमांशुदत्त पाण्डे, डॉ. प्रदीप रावल, अजय पण्डया, चन्द्रशेखर दवे, सिद्धनाथ पाठक, सुरेश उपाध्याय, मनीष व्यास, प्रदीप दुबे, प्रहलाद शर्मा, मुरली मनोहर पाराशर, हेमन्त तिवारी, अंकित दुबे, रोहित व्यास, दिनेश पुरोहित, आलोक नागर, अर्जुन पंडित, यशवंत दुबे, अरूण पोतदार, एलएस त्रिपाठी, संजय उपाध्याय, डॉ. अग्निवेश पाण्डे, राघवेन्द्र वल्लभ व्यास, विजय पाराशर, संतोष शर्मा, श्रीराम शर्मा, सीमा सारस्वत, विमला पुरोहित, चन्द्रकांता शर्मा, इन्दु पाण्डे, माया शर्मा, लता शर्मा सहित समाजजनो ने की है।

# दशहरा : 75 फीट उंचे रावण के पुतले का कल होगा दहन

नागदा जं. निप्र। शहर के सबसे पुराने व सबसे उंचे रावण दहन उत्सव का आयोजन इस वर्ष भी धुमधाम मण्डी क्षेत्र में दशहरा मैदान पर होगा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 75 फीट उंची रावण की प्रतिमा का वध एवं दहन आतिशबाजी के साथ गुरूवार को होगा। जिसको लेकर तैयारी अंतिम चरणों में है। कलाकारों द्वारा रावण के पुतले को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रावण दहन के पूर्व दशहरा मैदान पर भव्य आतिशबाजी होगी। रावण वध के लिए लक्कडदास मंदिर से राम जी की झांकी आऐगी जिसमें राम-लखन, हनुमान व वानर सैना होगी। झांकी के आगे शितलानन्द व्यायामशाला के कलाकार हथियारों से प्रदर्शन करेंगे। रावण दहन रात 8 बजे होगा। यह आयोजन दशहरा उपलक्ष्य समिति व नवयुवक मण्डल के तत्वाधान में किया जाता है। यहाॅ पर कलाकार राजेश शर्मा, राकेश पांचाल, नीतिन बैस, भावेश, बबलु शर्मा, सुरेन्द्र आदि कलाकारों द्वारा पुतलों का निर्माण किया जा रहा है।

नागदा शहर में यूं तो कई स्थानों पर रावण दहन होता है लेकिन बडा आयोजन दो स्थान दशहरा मैदान व ग्रेसिम खेल परिसर में होता है। शहर में रावण दहन की शुरूआत दशहरा मैदान से ही 1971 से हुई थी। उस समय शहर के कुछ व्यापारियों द्वारा नवयुवक मण्डल के माध्यम से रावण दहन किया जाता था। समय के साथ-साथ यह आयोजन भव्य रूप में परिवर्तित होता गया। इस समिति के संरक्षक बालेश्वर दयाल जायसवाल ने इसकी शुरूआत की थी। वर्तमान में संयोजक कृष्णकांत जायसवाल, अध्यक्ष बद्रीलाल पोरवाल, महामंत्री जगदीश मेहता, कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र कामरिया, सचिव प्रशांत मेहता, सुबोध स्वामी, विजय वर्मा, रवि रघुवंशी, प्रहलाद रघुवंशी, मुकेश गर्ग, उपाध्यक्ष कैलाश सनोलिया, वर्धमान जैन, ओमप्रकाश सेठिया, राजेश तिवारी, संयुक्त सचिव कैलाश रघुवंशी, एसएम सिसौदिया, चैनसिंह रघुवंशी, संजय शर्मा, विजय पोरवाल, जगमालसिंह रठौर हैं।

